**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**05.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– आत्मनिर्भरता के पथ पर अग्रसर हिमाचल– शिमला में स्वच्छ शहर समृद्ध शहर सिटीजन कनैक्ट प्रोग्राम के दूसरे चरण का किया शुभारंभ।
- प्रदेश सरकार ने विभिन्न विभागों में 9 सौ 80 प्रार्थियों को करूणामूलक आधार पर नियुक्तियां की प्रदान।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– प्रदेश सरकार सीमेंट के दाम बढ़ाकर आपदा प्रभावितों के साथ कर रही अन्याय।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने पीएम श्री राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पांवटा साहिब में छात्रों की अंडर–14 राष्ट्रीय स्कूल वॉलीबॉल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ।

  और
- प्रदेश राजकीय अध्यापक संघ ने एनपीएस के तहत लंबित करीब 12 हज़ार करोड़ रूपए की राशि को लेकर केंद्र सरकार से जल्द निर्णय लेने का किया आग्रह।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण और नागरिकों की उभरती आवश्यकताओं के दृष्टिगत शहरी विकास की नई समावेशी और टिकाऊ दिशा निर्धारित कर रही है। उन्होंने आज शिमला में स्वच्छ शहर समृद्ध शहर सिटीजन कनैक्ट प्रोग्राम के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भरता के पथ पर अग्रसर हिमाचल प्रदेश निरंतर सकारात्मक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने शहरी विकास विभाग की सराहना करते हुए कहा कि शहरी निकायों में एक ही पोर्टल पर सभी जन सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं और हिम सेवा सुविधा पोर्टल इस तरह की सेवाएं प्रदान करने वाला देश में सबसे अनूठा प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिमला सब्जी मंडी और हमीरपुर में आधुनिक शैली से शॉपिंग कम्पलैक्स बनाया जाएगा।

सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि भूस्थानिक सूचना प्रणाली तकनीक भविष्य के शहरी विकास का मजबूत आधार बन रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने औद्योगिक क्षेत्र बद्दी और चण्डीगढ़ सीमा से सटे इलाके में एक नया शहर हिम चण्डीगढ़ नाम से बसाने की घोषणा भी की। इस मौके पर लोकनिर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**करूणामूलक नियुक्ति**

प्रदेश सरकार ने विभिन्न विभागों में 9 सौ 80 प्रार्थियों को करूणामूलक आधार पर नियुक्तियां प्रदान की है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में ये जानकारी देते हुए बताया कि ये नियुक्तियां एक अक्तूबर से 31 दिसंबर 2025 तक दी गई विशेष छूट के दौरान प्रदान की गई। इनमें विभिन्न विभागों में तीन सौ 66 तृतीय श्रेणी और 6 सौ 14 चतुर्थ श्रेणी के शामिल है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश के विकास में योगदान देने वाले कर्मचारियों के कल्याण और उनके परिवारों के आत्मसम्मान की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

## जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य में सीमेंट के दाम बढ़ाकर आपदा का दंश झेल रहे प्रभावितों के साथ अमानवीय व्यवहार कर रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार एक तरफ लोगों की मदद नहीं कर रही है वहीं सीमेंट के दाम बढ़ाकर लोगों के लिए मुश्किलें खड़ी कर रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस सरकार की नीतियां ये साबित करती है कि उसे न तो आपदा पीड़ितों की पीड़ा का एहसास है और न ही उनके पुर्नवास की कोई चिंता। उन्होंने इस सीमेंट के दाम बढ़ाए जाने को जनविरोधी बताया और कहा कि ये निर्णय विशेष तौर पर प्राकृतिक आपदा में अपना घर गंवाने वाले लोगों के साथ पूरी तरह अन्याय है। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा राज्य सरकार के जनविरोधी फैसले का विरोध करती रहेगी और आपदा पीड़ितों के हक की लड़ाई के लिए हमेशा आगे रहेगी।

## बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर युवाओं को अपमानित करने और उन्हें धोखा देने का आरोप लगाया है। नाहन में आज भाजपा युवा मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले युवाओं को पहली कैबिनेट में एक लाख सरकारी नौकरी देने का वादा किया था लेकिन तीन साल बाद भी बेरोजगार युवा खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। बिंदल ने कहा कि राज्य सरकार ने करीब एक लाख 50 हजार रिक्त पदों को समाप्त कर दिया और लगभग 10 हजार लोगों को नौकरी से बाहर कर दिया।

## रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज सिरमौर जिला के पांवटा साहिब में पीएम श्री राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में छात्रों की 69वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स अंडर–14 वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। 5 दिवसीय इस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में देशभर के 32 राज्यों व केन्द्रशासित प्रदेशों के 3 सौ 81 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में एक दशक के बाद राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं और प्रदेश सरकार द्वारा इन प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए एक करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। रोहित ठाकुर ने कहा कि शिक्षा के आधारभूत ढ़ांचे को मजबूत करने व विद्यार्थियों में आत्मविश्वास पैदा करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने सभी सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से ही अंग्रेजी मीडियम आरंभ कर दिया है। इसके अतिरिक्त आगामी शैक्षणिक सत्र में सौ सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं को सीबीएसई बोर्ड से संचालित किया जाएगा।

## निधन

कुमारसेन विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक भगतराम चौहान का आज निधन हो गया। वे पिछले लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भगत राम चौहान के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की है। उन्होंने कहा कि भगत राम चौहान ने कुमारसेन क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और क्षेत्र के लोग उनके योगदान को सदैव याद रखेंगे। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने पूर्व विधायक भगत राम चौहान के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

## अध्यापक संघ

हिमाचल प्रदेश राजकीय अध्यापक संघ ने प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों की एनपीएस के तहत लंबित लगभग 12 हजार करोड़ की राशि को लेकर जल्द निर्णय लेने की केंद्र सरकार से मांग की है। संघ के राज्य अध्यक्ष वीरेन्द्र चौहान शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा ओपीएस लागू किए जाने के बाद ये आवश्यक हो गया है कि केंद्र सरकार इस लंबित राशि पर शीघ्र व स्पष्ट निर्णय ले ताकि कर्मचारियों में व्याप्त असमंजस दूर हो सके। उन्होंने केंद्र सरकार से संवाद और सहयोग के माध्यम से इस मामले का समाधान निकालने की अपील भी की है।

## महालेखाकर

भारत के नियंत्रक व महालेखा परीक्षक द्वारा राज्य सरकार के वित्त लेखे हर वर्ष तैयार किए जाते हैं जो सरकार की उस वर्ष की प्राप्तियों व व्यय को दर्शाते हैं। शिमला स्थित प्रधान महालेखाकार कार्यालय द्वारा प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार प्रदेश सरकार के वर्ष 2024–25 के वित्त लेखे व विनियोग लेखे प्रदेश सरकार को भेज दिए गए हैं।

## "अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर"

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– आत्मनिर्भरता के पथ पर अग्रसर हिमाचल– शिमला में स्वच्छ शहर समृद्ध शहर सिटीजन कनैक्ट प्रोग्राम के दूसरे चरण का किया शुभारंभ।
- प्रदेश सरकार ने विभिन्न विभागों में 9 सौ 80 प्रार्थियों को करूणामूलक आधार पर नियुक्तियां की प्रदान।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– प्रदेश सरकार सीमेंट के दाम बढ़ाकर आपदा प्रभावितों के साथ कर रही अन्याय।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने पीएम श्री राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पांवटा साहिब में छात्रों की अंडर–14 राष्ट्रीय स्कूल वॉलीबॉल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ।
- प्रदेश राजकीय अध्यापक संघ ने एनपीएस के तहत लंबित करीब 12 हज़ार करोड़ रूपए की राशि को लेकर केंद्र सरकार से जल्द निर्णय लेने का किया आग्रह।